महत्वपूर्ण एवं खास

स्कूल बस में लगी आग,बाल-बाल बचे बच्चे

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा के गोड़ी स्थित जैन पब्लिक स्कूल के बस में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। बस में बच्चे सवार थे किंतु मौके पर सभी को उतारकर बड़ा हादसा होने से बचा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर गोढ़ी स्थित जैन पब्लिक स्कूल से बच्चों को लेकर बस छुरी कटघोरा छोडऩे जा रही थी। उसी दौरान छुरी मुख्य मार्ग में अचानक वाहन में आग लग गई और बस देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगी। हादसे के वक्त बच्चे बस में सवार थे। आनन-फानन में सभी बच्चों को नीचे उतारा गया। जिसके चलते सभी बच्चे सुरक्षित है। तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई और दमकल कर्मियो ने आकर आग बुझाई। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है।

जामगांव से कोतरलिया सेक्शन के बीच कार्य के दौरान 16 फरवरी को सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक समपार फाटक रहेगा बंद

रायगढ़। जामगांव से कोतरलिया सेक्शन के बीच 568/17-19 कि.मी. पर जामगांव यार्ड लेवल क्रॉसिंग गेट पर चौथी लाइन के ट्रैक को जोडऩे का काम 16 फरवरी को सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। इसलिए 16 फरवरी 2023 को सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक समपार फाटक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा।

मधुमक्खियों ने कई लोगों को काटा, राहगीरों में मची भगदड़

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जिले के ढेंका स्थित अनुराग फ्यूल्स के पास इमली के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के झुंड ने राहगीरों पर हमला कर दिया। इससे भगदड़ मच गई। खुद को बचाने के लिए लोग अपने वाहनों को सडक़ पर छोडक़र भागते नजर आए। काफी देर तक मधुमक्खियों का सडक़ के आस - पास गुम रहा था। इस हमले में 6 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पातल ले जाया गया।

गायब होने लगी ठंड, तापमान में होगी बढ़ोतरी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में अब निम्न स्तर से उत्तरी हवाओं का आना कम हुआ है, इसके चलते अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। ठंड लगभग गायब सी होने लगी है, और थोड़ी गर्मी भी शुरू हो गई है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी मौसम के मिजाज में कोई बदलाव के आसार नहीं है। गुरुवार को भी मौसम शुष्क रहेगा और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का ट्रेंड जारी रहेगा। बुधवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। फरवरी का पहला सप्ताह ही बीता है और दोपहर में धूप तेज हो गई है,इससे गर्मी भी बढऩे लगी है। उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के कम आने से अब आउटर क्षेत्रों में भी ठंड का प्रभाव कम हो गया है। बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पत्नी की हत्या का आरोपी आरक्षक पति गिरफ्तार

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले के पुलिस लाइन में पदस्थ नव आरक्षक जयराम कोर्राम ड्यूटी से शाम को लौटने के बाद पत्नी के नींद में सोता देखकर जवान पत्नी के साथ गाली गलौज कर अपनी पत्नी पर लात-घूसे से मारा जिससे उसकी पत्नी के सीने की हड्डी एवं रीढ़ की हड्डी में गहरा चोट आया और मौके पर ही उसकी पत्नी ने दम तोड़ दिया। आरोपी जयराम कोर्राम को गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत आईपीसी की धारा 302 के तहत रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। नारायणपुर टीआई हेमलता नेताम ने बताया कि आरोपी आरक्षक जयराम ने जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि गुस्से में आकर पत्नी को लातघूसों से मारा जिससे पत्नी की बिस्तर में ही मौत हो गई।

कई शहरों में रेलवे के नए आरक्षण केंद्रों में कार्य शुरू

रायपुर (आरएनएस)। रेल यात्रियों को आसानी से यात्रा टिकट की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 207 अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस), 94 यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस), 14 यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके), 8 जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस), 96 स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) तथा 105 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की सुविधा उपलब्ध है।

बिलासपुर शहर के अंतर्गत तहसील कार्यालय एवं हाई कोर्ट भवन तथा रायपुर शहर में एयरपोर्ट, विधानसभा एवं रविशंकर यूनिवर्सिटी में यात्री आरक्षण केंद्र स्थापित किए गए है। इसके साथ ही सम्पूर्ण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख स्थानों जैसे मुंगेली, बलौदा, कोरबा पोस्ट ऑफिस, अम्बिकापुर पोस्ट ऑफिस, जशपुर नगर पोस्ट ऑफिस, सूरजपुर, बैकुंठपुर, बेमेतरा पोस्ट ऑफिस, बलौदाबाजार, कांकेर, कवर्धा, खैरागढ़, छिंदवाड़ा, गढ़चिरौली, मोतीबाग, सकरधारा पोस्ट ऑफिस, भंडारा पोस्ट ऑफिस, डिंडोरी पोस्ट ऑफिस, शंकर नगर पोस्ट ऑफिस आदि स्थानों में यह सुविधा प्रदान की गई है।

इसके साथ ही ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के द्वारा आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षित ई-टिकट के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है। इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकार टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की बाध्यता समाप्त हो गई है। यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से

घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथ सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं। इस यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियो का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

बेवजह ट्रेन की जंजीर खींचना यात्रियों को पड़ा महंगा, 98 पर कार्यवाई

बिलासपुर (आरएनएस)। बिना कारण जंजीर खींचकर ट्रेन रोकने यात्रियों को महंगा पड़ा। एक माह में आरपीएफ ने 98 यात्रियों पर रेलवे अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। वहीं जनवरी माह में चलाए गए इस अभियान के दौरान कोच के पायदान पर बैठकर यात्रा करने वाले 26 यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल अब जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। आपात्कालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ट्रेन की बोगियों में जंजीर की सुविधा दी जाती है। जिसे खींचकर कहीं भी ट्रेन को रोकी जा सकती है। लेकिन, कुछ लोगों के द्वारा इस सुविधा का गलत उपयोग करते हुए चलती गाड़ी में जंजीर खींचकर ट्रेन रोक दी जाती है। इसके कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होता है। साथ ही वापस सेटिंग करने में रेलकर्मियों को भी दिक्कतें होती है। चेन पुलिंग करने के बाद यात्री घबराहट में ट्रेन से उतरने का प्रयास भी करते हैं। इससे जान माल की क्षति होने की आशंका रहती है। यह घटना कभी भी गंभीर दुर्घटना में तब्दील हो सकती है। ऐसे प्रकरणों में अपराध दर्ज करने का अधिकारी आरपीएफ को दिया गया है। आरपीएफ इस तरह के मामलों में अंकुश लगाने का प्रयास भी कर रही है। लेकिन, घटनाएं लगातार बढ़ रही थी। इसीलिए जनवरी महीने में अभियान चलाया गया। जिसमें 98 प्रकरण दर्ज किए गए। इतना ही नहीं 73 पुरुष यात्रियों को महिला कोच में सफर करने पकड़ा गया। उनके खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

गूगल कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई की जीवन यात्रा से लें प्रेरणा -कलेक्टर

❐ **कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने बरमकेला स्थित आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण**

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज बरमकेला स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्लास में जाकर छात्रों से उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा की। उन्होंने स्कूल के लाइब्रेरी, लैब और सभाकक्ष का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने क्लास में जाकर बच्चों से अंग्रेजी में बातचीत की और उनसे सवाल पूछे। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक कलेक्टर के साथ अंग्रेजी में बात किया। कलेक्टर ने बच्चों से उनके माता-पिता के बारे में पूछा, साथ ही उनकी अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के बारे में जानकारी ली, इसके अलावा खेल एवं अन्य गतिविधियों के बारे में भी पूछा। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने एनसीईआरटी की किताबों की महत्ता बताते हुए कहा कि हर विषय का अपना महत्व होता है, पढ़ाई कभी भी व्यर्थ नहीं जाती है, सब कुछ कभी न कभी जीवन में काम आता है, इसलिए हर विषय को मन लगाकर रूचि के साथ पढ़ें। इसके अलावा कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें गूगल कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई जो एक कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से रहे, उनकी जीवनगाथा पढऩे को कहा और उनसे प्रेरणा लेने को कहा, साथ ही बताया कि कितनी भी विपरित परिस्थिति हो, अगर हम अपने भीतर जुनून और हौसला कायम रखें तो निश्चय ही हमें सफलता मिलेगी। इसके पश्चात् कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने स्कूल में फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायो लैब का निरीक्षण किया और लैब में संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके साथ ही लाइब्रेरी का निरीक्षण कर वहाँ पढ़ रहे बच्चों संग चर्चा किए। उन्होंने कम्प्यूटर लैब का निरीक्षण कर प्रति सप्ताह बच्चों को अनिवार्य रूप से कम्प्यूटर क्लास दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेजेस के स्टॉफ कक्ष में सभी शिक्षकों से मिलकर बच्चों की पढ़ाई को लेकर उनका फीडबैक लिया। इस अवसर पर सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, प्राचार्य रमेश चौहान एवं स्कूल के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

रीपा गौठान गोड़म में निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश- कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी सारंगढ़ के गोड़म स्थित रीपा गौठान में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शीघ्रता से निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने और फ्लाईएश से संबंधित कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने को कहा। साथ ही मुर्रा मिल, मशरूम उत्पादन और मनरेगा से संबध्द कार्यों को सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान एसडीएम मोनिका वर्मा, जनपद सीईओ सारंगढ़ अभिषेक बनर्जी, अतिरिक्त सीईओ संजू पटेल, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा युवराज पटेल, गांव के सरपंच एवं गौठान समिति के सदस्य, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

बंद पड़ी खदानों से हो रही बड़े पैमाने पर चोरी, सौ टन कोयला के साथ दो गिरफ्तार

सूरजपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में अवैध कोयला के कारोबार पर सूरजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस ने 11 लाख कीमत के 100 टन से अधिक कोयला जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जिले के बंद पड़े खदानों से बड़ी संख्या में ग्रामीण कोयला चोरी करते हैं और उसे मोटरसाइकिल साइकिल के सहारे लाकर कोयला के दलालों बेच देते हैं और फिर इसी कोयला को पिकअप के सहारे ईंट भ_ा में बेचा दिया जाता है। कार्रवाई के लिए पुलिस कप्तान ने एक टीम बनाई, इस टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कोयला के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की। कार्रवाई में पुलिस ने 100 टन से अधिक कीमत 11 लाख रुपए का कोयला जब्त किया।

दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू ने बताया कि इस कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आगे लगातार इस तरह की कार्रवाई जारी रहने की जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि, बंद पड़े खदानों में चोरी करने से जान माल का भी नुकसान होता है।

प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर ने जिले के दिव्यांग प्रतिभाओं का किया सम्मान

सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रभारी सचिव धर्मेश कुमार साहू एवं कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा जिले के दिव्यांग प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

ज्ञात है कि जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम चिकनाडीह निवासी दृष्टिबाधित छात्र सुखदेव केंवट द्वारा राष्ट्रीय पैरा एथलीट चैंपियनशिप 2023 में 1500 मीटर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिसके लिए उन्हें प्रमाण पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने सुखदेव को ब्रेल किट भी प्रदान किया। इसी क्रम में नगर की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था प्रांजल मानसिक दिव्यांग जन कल्याण समिति के 3 प्रतिभावान मानसिक दिव्यांग छात्रों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित करते हुए किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल एवं डॉ स्निग्धा तिवारी, एसडीएम के.एल. सोरी एवं मोनिका वर्मा, इसके साथ ही समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक विनय कुमार तिवारी, प्रांजल दिव्यांग स्कूल के संचालक हीरा देवी निराला एवं महासमुंद जिले के सराईपाली में स्थित दिव्यांग संस्था के संचालक निरंजन साहू उपस्थित रहे।

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में विद्यार्थियों ने खाई फाइलेरिया की दवा

रायगढ़। शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा एवं स्वास्थ्य केन्द्र जोबी के बैनर तले संयुक्त रूप से फाइलेरिया को दूर भगाने के लिए राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने न केवल फाइलेरिया के बारे में जानकारी ली साथ ही साथ दवाओं का सेवन कर जागरूकता का परिचय दिया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत ने विद्यार्थियों को बताया कि फाइलेरिया यानी कि (हाथी पांव) एक गंभीर बीमारी है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। संक्रमित होने पर मनुष्य अपंगता का शिकार हो जाता है। वहीं आमतौर पर देखा जाता है कि शासन द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क दवाइयों के महत्व को व्यक्ति नही समझ पाते और इस तरह की गंभीर बीमारियों को बढ़ावा देते हैं इसलिए फाइलेरिया जैसी बीमारी के प्रति जागरूकता लाएं और इससे पीड़ित होने का जोखिम न उठाएं।

कार्यक्रम रेडक्रॉस प्रभारी सहायक प्राध्यापक योगेंद्र कुमार राठिया के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य केन्द्र जोबी से एमपीएस नीमा राठौर, राम अवतार पटेल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खम्हार से भूपेन्द्र सिंह राठिया के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को भी फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेडक्रॉस प्रभारी सहायक प्राध्यापक योगेंद्र कुमार राठिया एवं सुरेन्द्र पाल दर्शन, वासुदेव पटेल, डॉ. ज्ञानमणि एक्का, अतिथि व्याख्याता रामनारायण जांगड़े, राहुल राठौर, राजेन्द्र कुमार खरे, रितेश राठौर, सुश्री प्राची पटेल और रेडक्रॉस सहायक असीम श्रीवास्तव व यूथ रेडक्रॉस इकाई के स्वयंसेवकों योगदान महत्वपूर्ण रहा।

शहर के नजदीक पहुंचा हाथियों का झुंड

कोरबा (आरएनएस)। जिले का जंगल हाथियों से भरमार होता जा रहा है। कटघोरा वन मंडल के दूरस्थ क्षेत्र में जहां हाथी मौजूद हैं वहीं हरदीबाजार मुख्यालय से लगे ग्राम रेकी में बुधवार सुबह हाथियों का झुंड जंगल में विचरण करते देखा गया।

आबादी इलाके के नजदीक जंगल में हाथियों के देखे जाने से ग्रामीणों में उत्सुकता के साथ-साथ दहशत का भी माहौल व्याप्त हो गया है। लगभग एक दर्जन हाथी यहां होना बताया जा रहा है। इन हाथियों को ग्रामीणों ने काफी नजदीक से देखा। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात हरदी बाजार के समीप ग्राम रेकी के ललमटिया पारा के समीप लगभग एक दर्जन हाथी देखे गए। हाथियों के आने की खबर से ग्रामवासी भयभीत हो गए। सुबह एक ग्रामीण रामपुर धौराभाठा निवासी संतोष हाथियों के कारण भागते वक्त गिरकर घायल हो गया। वह हाथियों के नजदीक आने पर बचने के लिए भाग रहा था कि ढलान वाली जगह पर चढ़ते वक्त फिसल कर गिर पड़ा और उसके बाएं हाथ, चेहरा व शरीर हिस्सों में चोट पहुंची है। इसकी सूचना मिलने पर डायल 112 वाहन मौके पर पहुंचा और घायल ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने इसकी खबर वन विभाग को दी। वन कर्मी और अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को हिदायत दे रहे हैं कि वे हाथियों से दूर रहें। कोरबा के पड़ोसी जिला जांजगीर

चांपा में हाथियों का दल पहुंच चुका है। माना जा रहा है कि जंगली रास्ते से होते हुए इन्हीं हाथियों के दल ने हरदी बाजार रेकी के जंगल में दस्तक दी है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि हाथियों के आने-जाने का एक यह भी नया रास्ता तैयार हो गया है। समय रहते वन विभाग हाथियों की आमदरफ्त रोकने के लिए या इनके एक जगह रहवास सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस काम नहीं करता है तो हाथियों का शहर की ओर चला आना कोई बड़ी बात नहीं होगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्मान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

राम वनगमन पथ ने बदली राजिम संगम तट की तस्वीर

राजिम (आरएनएस)। त्रिवेणी त्रिवेणी संगम का तट इन दिनों बदला हुआ नजऱ आ रहा है। प्रत्येक आने वाले श्रद्धालु इन्हें देखकर कहते है कि हम राजिम में ही है ना। वह आश्चर्य प्रकट करते है। क्योंकि पिछले वर्ष ही इनका दृश्य अलग नजऱ आ रहा था परन्तु इस वर्ष राम वनगमन परिपथ के चलते पूरा संगम तट की तस्वीर ही बदल गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में भगवान राम के वनवास काल से जुड़े स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें पहले चरण प्रदेश के 9 स्थल को लिया गया। इसमें राजिम का भी नाम शामिल है। राजिम के लिए 19 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत विकास कार्य किए जा रहे हैं। राजिम में गंगा आरती घाट से लेकर महानदी पुल तक लम्बे चौड़े वर्गाकार क्षेत्रफल में फैले तट जो नदी से करीब 30 फिट ऊंचाई लिए हुए है। यहां पर सीढ़ी बना दिया गया है। कहीं से भी श्रद्धालु नदी में उतरकर स्नान, दान, अस्थि विसर्जन, पूजा-पाठ इत्यादि कृत्य कर सकते है। इन सीढ़ियों पर राजस्थान से लाल पत्थर मंगाकर लगाया गया है। पिछले कई दिनों से कारीगर इन्हे लगाने मे लगे हुए थे। मुक्ताकाशी महोत्सव मंच के दाहिने भाग में बने दर्शक दीर्घा की लुकिंग इन चिकने पत्थरों से बढ़ गई है। उनके ही उपरी भाग में रामवाटिका आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। 6 फिट ऊंची चबुतरा जिनमें 12 सीढ़ियां मौजूद है। इसी में 21 फिट ऊंची रामचन्द्र की विशाल प्रतिमा स्थापित किया गया है। प्रभु रामचन्द्र बाँये हस्त में धनुष पकडे हुए हैं तथा दाँये हाथ वरमद्रा में है। प्रतिमा की गेरूंवा शीला उड़ीसा के हैं। बनाने वाले मूर्तिकार भी कटक उड़ीसा से आए हुए थे। चतुष्कोणीय जगती तल के चारों किनारे आकर्षक डिजाईन प्रस्तुत किया गया है। लाईट फाऊंटेन से आभा निखर गई है। हर आने-जाने वाले सीढ़ियों पर बैठकर सेल्फि जरूर लेते है। रामचन्द्र प्रतिमा के पीछे वाटिका बनाया गया है। जहाँ बैठकर लोग थकान मिटाते है।

रामचन्द्र प्रतिमा चबुतरा के चारो ओर भित्ती चित्र बनाया गया है। इसमें रामायण कालिन घटनाओं को प्रस्तुत किया गया है। करीब 40 चित्र सिमेंट से बनाया गया है। इन्हे म्यूरलआर्ट कहा जाता है। बनाने वाले कारीगर रायपुर, महासमुंद, पाटन से 16 के संख्या में कड़ी मेहनत किये है। जिनमें प्रमुख रूप से योगेश ध्रुव, राजा ध्रुव, राजू साहू, सूरेश प्रजापति, तिलक चक्रधारी इत्यादि है। इन चित्रों में प्रमुख रूप से अहिल्या उद्धार ताडक़ा वध, सीता स्वयंबर, केंवटराज के द्वारा रामचन्द्र जी का पांव धोना, सीता हरण, रामेश्वरम महादेव स्थापना, राम-सुग्रीव मिलन, शबरी दर्शन, जटायू उद्धार, गुरू विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण, लंका दहन, दशरथ विलाप, सीता के साथ लवकुश आदि है।

प्रतिमा के आसपास दीवाल पर गोदना आर्ट कि सुन्दरता देखते ही बन रही है। तरह-तरह के चित्र उंकेरे गये हैं। उत्तर-दक्षिण आने जाने का रास्ता है मुख्य द्वार उत्ताभिमुख है। परिपथ के अन्तर्गत पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौंक पर चार पिलर दाँये-बाँये निर्माण किया जा रहा है इसमें छोटी-छोटी 280 मुर्तियां स्थापित किये गये है। 10म24 इंच के इन मुर्तियों की प्राचीनता अत्यंत सुहावना है। पिलर पर चार कलश स्थापित किया गया है।